देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 116 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...ये रिश्ता क्या कहलाता है



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 8 जून 2019



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 40.0° न्यूनतम 24.0°

39615.90

2 भारत से रिश्ते सुधारना चाहता है पाक

7 धौनी का बैज न कमर्शियल न धार्मिक

# बैज पर धौनी के साथ देश

## बीसीसीआई मसले में धोनी का समर्थन करता दिख रहा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली/मुंबई। टीम इंडिया के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी के दस्तानों पर भारतीय सेना के बलिदान बैज को लेकर आईसीसी की आपत्ति पर बहस तेज हो गई है। विश्व कप में टीम इंडिया के पहले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धोनी ने जो दस्ताने पहने थे, उन पर सेना का बलिदान बैज बना हुआ था। इस पर आईसीसी ने बीसीसीआई से अपील की है कि वह धोनी को दस्तानों से लोगो हटाने को कहे।

आईसीसी का कहना है कि नियमों के मुताबिक किसी भी अन्य प्रतीक वाली चीजों को मैदान पर नहीं पहना जा सकता। हालांकि बीसीसीआई इस मसले पर धोनी का समर्थन करता दिख रहा है। यही नहीं बीसीसीआई ने इस संबंध में आईसीसी को पत्र भी लिखा है। बीसीसीआई की



प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष विनोद राय के मुताबिक इस मुद्दे पर आईसीसी को जवाब दे दिया गया है।

विनोद राय ने कहा, हम अपने खिलाड़ियों के साथ खड़े हैं। धोनी के दस्ताने पर जो चिह्न है, वह किसी धर्म का प्रतीक नहीं है और न ही यह कमर्शल है। जहां तक पहले से परमिशन लेने की बात है तो हम इसके लिए आईसीसी से धोनी को दस्तानों के इस्तेमाल को लेकर अपील करेंगे।श बीसीसीआई की मुंबई

### खेल की हस्तियों ने किया समर्थन

यही नहीं इस मुद्दे पर देश की दिग्गज खेल हस्तियों ने धोनी का समर्थन किया है। पहलवान योगेश्वर दत्त ने कहा कि हमें धोनी पर गर्व है और उन्हें सेना के बलिदान बैज वाले दस्तानों को पहनना जारी रखना चाहिए। उनके अलावा पहलवान सुशील कुमार ने भी समर्थन किया है। हॉकी के पूर्व कप्तान सरदार सिंह ने भी धोनी का समर्थन किया है।

स्थिति मुख्यालय में दोपहर 12 बजे बैठक होने वाली है, जिसमें इस पर चर्चा हो सकती है। इस मीटिंग में विनोद राय के अलावा बीसीसीआई के सीईओ राहुल जौहरी समेत कई बड़े अधिकारी मौजूद रहेंगे। विनोद राय का कहना है कि इस मसले पर मीटिंग के बाद हम इस पर अपनी राय रखेंगे।

## बलिदान बैज पर धोनी को स्वामी की सलाह

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और फिलहाल वर्ल्ड कप में विकेट कीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे महेंद्र सिंह धोनी द्वारा सेना के एक विशेष लोगो के इस्तेमाल पर आईसीसी ने आपत्ति जाहिर की है जिसके बाद देशभर इसपर बहस शुरू हो गई है। बहस के बीच अब बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने उन्हें एक सलाह दी है। उन्होंने धोनी को सलाह दी है कि अगर वह आईसीसी के नियम मान लेते हैं तो कुछ नहीं खोएंगे। उन्हें यह विवाद खत्म कर देना चाहिए क्योंकि देश विरोध ताकतें ऐसे विवाद को बढ़ता देखना चाहेंगी।

उन्होंने ट्वीट किया, मैं बिना पूछे धोनी को सलाह दे रहा हूं। अगर आप आईसीसी के नियमों को मान लेंगे तो कुछ नहीं खोएंगे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कितना हस्तक्षेप करने वाला मामला है। विवाद को खत्म कर दीजिए जिससे आपके प्रेरणादायी क्रिकेट पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भारत विरोधी ताकतें इस विवाद को आगे बढ़ते देखना चाहेंगी।

### क्या है बलिदान बैज

भारतीय सेना की एक स्पेशल फोर्स की टीम होती है जो आतंकियों से लड़ने और आतंकियों के इलाके में घुसकर उन्हें मारने में दक्ष होती है। मुश्किल ट्रेनिंग और पैराशूट से कूदकर दुश्मन के इलाके में घुसकर मारने में महारत हासिल करने वाले इन सैनिकों को पैरा कमांडो कहा जाता है। इन्हीं पैरा कमांडो को एक खास तरह का चिन्ह दिया जाता है जिसे बलिदान बैज कहा जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अगले 24 घंटे में दस्तक देगा मॉनसून

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केरल में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के अगले 24 घंटे के अंदर दस्तक देने की संभावना है। बता दें कि मॉनसून के पहले 5 दिन की देरी से यानी 6 जून को आने की संभावना जताई गई थी जिसमें अब दो दिन कि और देरी हो गई है। उल्लेखनीय है कि मॉनसून पहले केरल के तट से टकराता है और उसके बाद भारत के अन्य हिस्सों में मॉनसून का आगमन होता है। इसके बाद अगले 45 दिनों तक देशभर में मॉनसूनी बारिश होती है।

### सोपोर पुलिस स्टेशन में आतंकियों ने फेंका ग्रेनेड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के सोपोर पुलिस स्टेशन में आतंकियों ने शुक्रवार को ग्रेनेड से हमला कर दिया। इस घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। वारदात के बाद आसपास के क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर दी है। इससे पहले पुलवामा के लस्सीपोरा में गुरुवार शाम से जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया।

### दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने राज्य की हेल्थ स्कीम को बेहतर बताते हुए केंद्र की आयुष्मान भारत योजना को लागू करने से इनकार कर दिया है। दरअसल, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने 3 जून को पत्र लिखकर दिल्ली सरकार से केंद्र सरकार की इस योजना को लागू करने को कहा था। इस पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र और राज्य की स्वास्थ्य योजना में अंतर स्पष्ट करते हुए दिल्ली सरकार की योजना को आयुष्मान भारत से भी 10 गुना बड़ी और व्यापक बताया है।

# योगी ने किया राम मूर्ति का अनावरण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अयोध्या। लोकसभा चुनाव में यूपी में बड़ी जीत के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को पहली बार राम की नगरी अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने अयोध्या शोध संस्थान में 7 फीट ऊंची कोदंड राम की प्रतिमा का अनावरण किया। बता दें कि 7 फीट की इस प्रतिमा को राष्ट्रपति पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। इसे संस्थान के शिल्प संग्रहालय में स्थापित किया जाएगा।

जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपालदास के 81वें जन्मोत्सव समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे सीएम ने भगवान राम की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने जन्मोत्सव कार्यक्रम समारोह का भी उद्घाटन किया।

**काष्ठ कला की दुर्लभ कृति है प्रतिमा:** कर्नाटक के कावेरी कर्नाटक स्टेट आर्ट्स एवं

### श्रीराम की 7 फीट ऊंची है मूर्ति



क्राफ्ट इंपोरियम से 35 लाख में खरीदी गई भगवान राम की यह प्रतिमा देखने में काफी आकर्षक है।

इसे काष्ठ कला की एक दुर्लभ कृति माना जा रहा है। फिलहाल, प्रतिमा का अनावरण अस्थाई स्थल पर कराया गया है। बाद में लाइब्रेरी में स्थाई प्लैटफॉर्म बन जाने पर इसे वहां स्थापित कर दिया जाएगा।

**विकास कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे:** अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री यहां के विकास कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे।

वह राम की पैड़ी, निर्माणाधीन भजन स्थल, अयोध्या बस स्टेशन के निर्माण कार्य और गुप्तार घाट के सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति की जानकारी भी लेंगे।

### 15 जून को धर्म संसद का आयोजन

जन्मोत्सव समारोह 14 जून तक चलेगा। इसके बाद 15 जून को एक धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा। इसमें राम मंदिर को लेकर रणनीति तय की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, योगी कैरेबियन देशों की रामलीला यात्रा'अयोध्या की पुरातात्विक रिपोर्ट, थारुओं की कला एवं संस्कृति' और अवध की लोक चित्रकला पुस्तक का भी लोकार्पण करेंगे। इस दौरान वह मूर्तिकारों, चित्रकारों और साहित्यकारों को सम्मानित भी करेंगे।

## अलीगढ़ मर्डर केस: एसआईटी के हवाले जांच

### दो अरेस्ट, आरोपियों पर पॉक्सो ऐक्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अलीगढ़। अलीगढ़ के टप्पल में ढाई साल की बच्ची की नृशंस हत्या से देशभर में गुस्सा है। हर कोई दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग कर रहा है। इस बीच, यूपी पुलिस ने मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम गठित कर दी है। वहीं, परिवार ने दोषियों को मौत की सजा देने की मांग की है। बच्ची की मां का कहना है कि कठोर कार्रवाई न होने से दोषियों के इरादे मजबूत होंगे।

एडीजी लॉ ऐंड ऑर्डर आनंद कुमार ने बताया, 30 मई को घटना हुई और 31 को एफआईआर दर्ज की गई। दो लोगों को दबिश देकर पुलिस ने गिरफ्तार किया। मृतक बच्ची के शव से लिए गए नमूने फरेंसिक लैब में जांच के लिए भेजे गए हैं। एसपी ग्रामीण की अध्यक्षता में मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाई गई है। इसमें फरेंसिक साइंस टीम, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और विशेषज्ञों की टीम फास्ट ट्रैक आधार पर जांच करेगी। आनंद कुमार ने मीडिया को बताया, श्मामले में पॉक्सो ऐक्ट लगाया गया है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## ऐसा करने वाला पहला राज्य होगा आंध्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने फैसला किया है कि वह राज्य में एक नहीं बल्कि पांच उपमुख्यमंत्री नियुक्त करेंगे। अभी तक देश के किसी भी राज्य में ऐसा पहले कभी नहीं किया गया।

रेड्डी के मंत्रिमंडल में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और कापू समुदाय

### जगन मोहन रेड्डी के मंत्रिमंडल में होंगे 5 उपमुख्यमंत्री

से एक-एक डेप्युटी सीएम होंगे। उन्होंने शुक्रवार को पार्टी विधायकों की बैठक के बाद यह ऐलान किया। मुख्यमंत्री के कैंप ऑफिस में सभी नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जगन ने कहा कि वह नए मंत्रियों को लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए लेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि 25 सदस्यीय मंत्रिपरिषद का शपथग्रहण शनिवार को होगा।

रेड्डी के इस फैसले के बाद पार्टी के विधायक एमएम शैक ने खुशी जताई है। उन्होंने भरोसा जताया है कि जगन भारत में अब तक के सर्वश्रेष्ठ सीएम साबित होंगे। रेड्डी ने बताया कि वह ढाई साल बाद कैबिनेट में बदलाव करेंगे।